# <u>संदेश</u>

दिवाली के शुभ अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

दिवाली, खुशियों और उमंग का त्योहार है। दिवाली के दिन लोग अपने घरों में मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं और सभी की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं।

दिवाली का त्यौहार, परस्पर सहयोग और सौहार्द की भावना को और मजबूत करने का अवसर भी होता है। दिवाली का प्रकाश, ऐसे ज्ञान का प्रतीक है जो हमारे भीतर और बाहर हर प्रकार के अज्ञान के अंधेरे को दूर करता है।

मेरी कामना है कि हमारे जीवन में भी दीपक की तरह प्रकाश और ऊर्जा हमेशा बनी रहे। लोगों में जरूरतमंदों की सहायता की भावना बलवती हो तथा हम सब, 'शुभ' और 'लाभ' की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते रहें।

*******